उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) :

(क) से (ग) औद्योगिक क्षेत्र के कार्यनिष्पादन के संबंध में अंतर्मंत्रालयीय संचालन समिति द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जाती है। सरकार वार्षिक आधार पर औद्योगिक विकास दर के लिए लक्ष्य निर्धारित नहीं करती है। केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा संकलित औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार, जुलाई, 1992 की अवधि तक के नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से जुलाई, 1992 की अवधि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में विकास दर में (+) 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है

Discontinuance of reservation for S.S.I.

1720. SHRIMATI KAMLA SINHA :
DR. BAPU KALDATE :

Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government propose to discontinue reservations for the Small Scale Industries in the country;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) what are the implications involved in so far as the economic viability of the small scale industries are concerned as a consequence thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (DEPARTMENT OF SMALL SCALE INDUSTRIES AND AGRO & RURAL INDUSTRIES) AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. J. KURIEN) : (a) to (c) There is no proposal with the Government for discontinuance of the reservations for small scale industrial sector. In the Industrial Policy announced on 24th July, 1991 it has been stated that the reservation policy would continue.

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में पूंजी निवेश

1721. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च, 1992 तक देश में सरकारी क्षेत्र के कुल कितने उपक्रम कार्यरत थे;

(ख) क्या यह सच है कि उनमें से कुछ उपक्रम गत तीन वर्षों से निरंतर घाटे में चल रहे थे;

(ग) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है और उनमें मार्च, 1992 तक कुल कितना पूंजी निवेश किया गया था;

(घ) शेष उपक्रमों में मार्च, 1992 तक कुल कितना पूंजी निवेश किया गया था;

(ङ) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान ब्याज की वर्ष-वार औसतन राशि कितनी-कितनी थी; और

(च) गत तीन वर्षों के दौरान इन उपक्रमों द्वारा अर्जित वर्षवार औसतन लाभ की राशि कितनी-कितनी थी ?

उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग और लोक उद्यम विभाग) में राज्य मंत्री (श्री पी०के० थुंगन) : (क) से (च) वांछित सूचना लोक उद्यम सर्वेक्षण 1991-92 में शामिल की जाएगी जिसे तैयार किया जा रहा है और आशा है कि इसे अगले बजट अधिवेशन के दौरान संसद के दोनों सदनों के सामने रख दिया जाएगा।

ग्रामीण/पिछड़े क्षेत्रों में लघु उद्योगों के विकास के लिये योजना

1722. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 1 अक्तूबर, 1992 को "दि हिन्दुस्तान टाइम्स" में "स्कीम फार रूरल एस० एस० आई०" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है,

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार ने ग्रामीण और पिछले क्षेत्रों में लघु उद्योगों के विकास हेतु कोई योजना तैयार की है, और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसे कब तक लागू कर दिए जाने की संभावना है ?

उद्योग मंत्रालय (लघु उद्योग और कृषि तथा ग्रामीण उद्योग विभाग) में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०जे० कुरियन) : (क) से (ग) ग्रामीण तथा पिछड़े क्षेत्रों के लघु उद्योगों के लिए एक एकीकृत बुनियादी सुविधा विकास योजना (तकनीकी की सहायता सहित) का मसौदा तैयार किया गया है और लघु, अति लघु तथा ग्रामोद्योगों को प्रोत्साहन देने व सुदृढ़ करने के लिए 6 अगस्त, 1991 को घोषित नीतिगत उपायों का अनुपालन करते हुए इसे आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–97) के प्रस्तावों में शामिल किया गया है। योजना के मसौदे को केन्द्र तथा राज्य/संघ शासित क्षेत्र सरकारों में संबंधित प्राधिकरणों के परामर्श से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

औद्योगिक विकास दर में कमी

1723. श्रीमती सुषमा स्वराज :
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चालू वित्तीय वर्ष के पहले छः महीनों में औद्योगिक उत्पादन की दर 3.5 प्रतिशत रही है।

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए औद्योगिक विकास की वार्षिक दर इससे ऊंची नियत की गई है,

(ग) यदि हां, तो क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान यह लक्ष्य प्राप्त हो पाने की संभावना है, और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन के विकास की वार्षिक दर कितनी हो पाने का अनुमान है ?

उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) (क) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा संकलित औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार नवीनतम उपलब्ध अवधि अर्थात् जुलाई, 1992 के लिए औद्योगिक उत्पादन की विकास दर एक वर्ष पहले की इसी अवधि की तुलना में (+) 2.1 प्रतिशत अधिक थी।

(ख) आठवीं योजना (1992–97) के दौरान औद्योगिक क्षेत्र के लिए 8.4 प्रतिशत विकास दर निश्चित की गई है।

(ग) और (घ) सरकार वार्षिक आधार पर औद्योगिक विकास दर के लक्ष्य निश्चित नहीं करती है। जुलाई, 1991 में औद्योगिक नीति में घोषित नीति संबंधी प्रयासों, निर्यात और आयात नीति, 1992–97 में किए गए परिवर्तनों तथा इसके पश्चात् केन्द्रीय बजट, 1992–93 में किए गए प्रयासों और चालू वित्त वर्ष में औद्योगिक उत्पादन में और सुधार होने की आशा है।